**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 22.08.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक– 2025 भारत को गेमिंग और नवाचार का केंद्र बनाता है।
- सांसद बिष्णु पद रे ने प्रधानमंत्री से मुलाकात कर द्वीपों के महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक लिखित ज्ञापन सौंपा।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी वेबसाइट पर मौद्रिक नीति ढांचे की समीक्षा पर 18 सितंबर तक हितधारकों और लोगों से विचार मांगे हैं।
- खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने लोगों से 31 अगस्त को देश भर में फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल रैली में भाग लेने को कहा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि संसद द्वारा पारित ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक– 2025 भारत को गेमिंग, नवाचार और रचनात्मक सृजनशीलता का केंद्र बनाने की उनकी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह विधेयक समाज को ऑनलाइन मनी गेम्स के दुष्प्रभावों से भी बचाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ई–स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेम्स को बढ़ावा देगी।

<><><><><><><>

द्वीपों के सांसद बिष्णु पद रे ने कल नई दिल्ली स्थित संसद भवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान, सांसद ने प्रधानमंत्री के समक्ष महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाते हुए उनसे हस्तक्षेप करने का अनुरोध करते हुए एक लिखित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में सांसद ने लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश में पहले से लागू प्रावधानों के आधार पर द्वीपवासियों के लिए 100 प्रतिशत नौकरी आरक्षण सुनिश्चित करने और स्थानीय उम्मीदवारों के लिए आयु सीमा को बढ़ाकर 40 वर्ष करने वाला अधिवास कानून लागू करने का अनुरोध किया। इसके अलावा सांसद ने अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के लिए बजट आवंटन में वृद्धि और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–4 के अंतर्गत जनसंख्या अनुपात में छूट देने का भी आग्रह किया। इन मुद्दों के समाधान के लिए प्रधानमंत्री ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

पंचायती राज मंत्रालय की ओर से स्वतंत्रता दिवस समारोह की पूर्व संध्या पर नई दिल्ली में विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन ने कालीकट ग्राम पंचायत के प्रधान टी. यघंबरम और नवग्राम ग्राम पंचायत की प्रधान प्रतिमा रॉय को उनके कार्यों और अपनी–अपनी ग्राम पंचायतों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए सम्मानित किया। ग्रामीण विकास निदेशालय ने दोनों पुरस्कार विजेताओं को बधाई देते हुए ग्रामीण समुदायों के उत्थान के लिए उनके प्रयासों की सराहना की।

<><><><><><><>

पशुपालन एवं पशु स्वास्थ्य विभाग ने केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान के सहयोग से, हाल ही में क्यारी परिसर में बकरियों में कृत्रिम गर्भाधान पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य उन्नत प्रजनन तकनीकों के माध्यम से बकरी पालन की उत्पादकता और ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देना है। प्रशिक्षण का नेतृत्व क्यारी के पशु विज्ञान प्रभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. टी. पेरुमल और प्रधान वैज्ञानिक डॉ. प्रकाश बाला ने किया। उद्घाटन सत्र के दौरान, क्यारी के निदेशक डॉ. एकनाथ बी. चाकुरकर ने पशुपालन और पशुचिकित्सा विभाग की पहल की सराहना करते हुए प्रतिभागियों से बकरी पालकों के लाभ के लिए एआई तकनीकों को लागू करने का आग्रह किया।

<><><><><><>

भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी वेबसाइट पर मौद्रिक नीति ढांचे की समीक्षा पर एक चर्चा पत्र जारी किया है और 18 सितंबर तक हितधारकों और लोगों से इस पर विचार मांगे हैं। रिज़र्व बैंक जानना चाहता है कि खाद्य और मुख्य मुद्रास्फीति की बदलती सापेक्ष गतिशीलता और घरेलू उपभोक्ताओं द्वारा खरीदे गये सामानों एवं सेवाओं के औसत मूल्य को मापने वाले उपभोक्ता मूल्य सूचकांक बास्केट में खाद्य पदार्थों की निरंतर उच्च कीमतों को देखते हुए, मौद्रिक नीति संचालन के लिए हेडलाइन मुद्रास्फीति या कोर मुद्रास्फीति में से कौन सा संकेतक अधिक मार्गदर्शी होगा। हेडलाइन मुद्रास्फीति कुल मुद्रास्फीति को दर्शाती है, जिसमें खाद्य और ऊर्जा की कीमतें भी शामिल होती हैं जबकि खाद्य और ऊर्जा की बलदती कीमतों में बदलाव को कोर मुद्रास्फीति में शामिल नहीं किया जाता। चर्चा पत्र में यह सवाल भी उठाया गया है कि भारत जैसी तेज़ी से उभरती बड़ी उभरती अर्थव्यवस्था में विकास और स्थिरता के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए 4 प्रतिशत मुद्रास्फीति का लक्ष्य जारी रखना चाहिए या इसमें संशोधन करना चाहिए। इसमें मुद्रास्फीति का विशेष लक्ष्य हटाने और विश्वसनीयता में कमी लाए बिना स्थिति अनुकूलता बनाए रखने के लिए समग्र दायरे में एक सीमा बनाए रखने का भी प्रस्ताव है।

<><><><><><>

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने लोगों से 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस पर एक घंटा फिटनेस और खेल को समर्पित करने का आह्वान किया है। हॉकी के दिग्गज खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में खेल दिवस मनाया जाता है। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने घोषणा की है कि फिट इंडिया मिशन और भारतीय खेल पारिस्थितिकी तंत्र इस वर्ष समारोह का नेतृत्व करेंगे। ये दोनों संगठन 29 से 31 अगस्त तक देश भर में तीन दिवसीय खेल कार्यक्रम आयोजित करेंगे। वर्ष 2036 में ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी के भारत के दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने लोगों को खेल और फिटनेस गतिविधियों में व्यापक भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया है। 31 अगस्त को देश भर में लोग फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल में भाग लेंगे।

<><><><><><>

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में चल रहे राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह के एक भाग के रूप में, खेल एवं युवा मामले विभाग ने शिक्षा विभाग के सहयोग से टेबल टेनिस, बैडमिंटन और वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया। कल खेले गए बैडमिंटन पुरुष युगल फाइनल में, डी. थिरुमुरुगन और जी. संदीप, जबकि महिला युगल फाइनल में, ए. अनीता और ए. राहेल की जोड़ी विजेता बनी। टेबल टेनिस पुरुष युगल फाइनल में, पी. सूर्य कुमार और तबरियाज तथा महिला युगल फाइनल में, जेसी और वेंकट लक्ष्मी विजयी रही। वॉलीबॉल के पुरूष ओपन टूर्नामेंट में 10 टीमें,

जबकि महिला ओपन टूर्नामेंट में 5 टीमें भाग ले रही हैं। टूर्नामेंट के विजेताओं और उपविजेताओं को 29 अगस्त को नेताजी स्टेडियम में समापन समारोह के दौरान ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।

**<><><><><><><>**

अंडमान लोक निर्माण विभाग की ओर से जोड़ाकलान में मुख्य पाइप लाईन के मरम्मत कार्य के चलते कल बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह कटौती कल सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक सीपीघाट, धन्नीखाड़ी, छोलदारी, ओग्राब्राज, टुसनाबाद और तिरूर क्षेत्र में की जाएगी।

**<><><><><><><>**

**समाचार पत्रों की सुर्खियां**

**द डेली टेलीग्राम्स** ने संसद में ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक 2025 पारित होने के समाचार को प्रमुखता देते हुए सुर्खी दी है–विधेयक ई–स्पोर्टस और ऑनलाइन सोशल गेम्स को प्रोत्साहित करता है, जबकि हानिकारक ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवाओं पर प्रतिबंध लगाता है। **द्वीप समाचार** ने द्वीपसमूह के प्रधानों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किए जाने और सांसद की द्वीपसमूह के मुद्दे को लेकर प्रधानमंत्री से मुलाकात करने के समाचार को प्रमुखता से छापा है। **द इको ऑफ इंडिया** ने जंगलीघाट श्मशान घाट के आस–पास बुनियादी ढांचे के विकास के लिए निवासियों की मांग और **इंफो इंडिया** ने कृषि विभाग की ओर से चलाए गए मसालों की खेती, कटाई के बाद प्रबंधन पर प्रशिक्षण आयोजित करने के समाचार को अपने अखबार में जगह दी है।

**<><><><><><><>**